# अंदर की ओर आने वाली और ज्वारीय बाढ़

जलवायु में बदलाव से मैसाचुसेट्स में बाढ़ आने का खतरा बढ़ रहा है - खास तौर पर ज्वारीय या निम्न-स्तरीय क्षेत्रों में। कुछ बाढ़ें धीरे-धीरे विकसित होती हैं, जबकि तूफ़ान आने के कुछ ही मिनटों या घंटों के भीतर अचानक बाढ़ आ सकती है। समुद्र के स्तर में वृद्धि ज्वारीय बाढ़ को बढ़ा रही है और उच्च तूफ़ानी लहरों का कारण बन रही है।

बाढ़ के पानी के संपर्क में आने से बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियाँ, संक्रामक रोग, रसायनिक खतरे, डूबने, मलबे से चोट लगने और फंफूदी के कारण सांस लेने संबंधी प्रभाव हो सकते हैं। जलवायु में बदलाव से होने वाले प्रभावों के घरों और नौकरियों को खोने के कारण मानसिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं।

**कौन इसके बढ़े हुए जोखिम पर होता है?**



- 5 साल से कम उम्र के बच्चे
- कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग
- अस्थमा, एलर्जी और सांस संबंधी अन्य स्थितियों वाले लोग
- उच्च रक्तचाप वाले लोग
- गर्मी से संबंधित बीमारी के खतरे पर होने वाले लोग

**हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं?**

- तूफ़ानों के लिए एक योजना बनाएँ
- एक आपातकालीन किट बनाएँ; उसमें सभी आवश्यक दवाएँ शामिल करें
- बाढ़ और पानी से भरने वाले अपने क्षेत्रों के बारे में जानें
- सूचित रहें: आपातकालीन जानकारी के लिए चेतावनियों पर ध्यान रखें
- ऐसा करने की सलाह दिये जाने पर क्षेत्र को तुरंत खाली करें
- बाढ़ के पानी में गाड़ी न चलाएँ—इसकी बजाय वापस मुड़ जाएँ
- बाढ़ के पानी और कीचड़ के संपर्क में आने से बचें जो तेल, गैसोलीन, या अशोधित मलप्रवाह द्वारा दूषित हो सकते हैं
- बाढ़ आने के बाद दूषित पदार्थों के लिए निजी कुओं की जांच करें

# अंदर की ओर आने वाली और ज्वारीय बाढ़

- जितनी जल्दी आप कर सके, क्षतिग्रस्त सेप्टिक सिस्टम की मरम्मत करें
- फंफूदी का आकलन करने और उसे हटाने के लिए EPA मार्गदर्शकों को चेक करें
- नुकसान, डर और तनाव से निपटने के लिए मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों की तलाश करें



Bureau of Climate and Environmental Health
Environmental Toxicology Program
Massachusetts Department of Public Health